प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.11.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत से अगले 20 सालों में निवेश संबंधी सभी दूरगामी फैसलों का आधार **इंडिया फर्स्ट** यानी **भारत प्रथम** को बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण होगा और उद्योगों के विकास के नए अवसर भी खुलेंगे। श्री मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य उद्योग परिसंघ फिक्की के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों के दौरान फिक्की ने देश के उद्योग जगत को कई उपलब्धियां हासिल करते देखा है। अब यह तय करने का समय है कि भारतीय उद्योग अगले 20 वर्षों में क्या हासिल कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 100 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई दौर देखे हैं। देश ने लाइसेंस–कोटा राज, राष्ट्रीयकरण के असफल प्रयोग और 21वीं सदी में भारत को कमजोर अर्थव्यवस्थाओं के समूह–फ्रैजाइल फाइव में शामिल होते देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देशवासियों ने इस स्थिति को बदलने के लिए कड़ी मेहनत की है।

0000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने थोक दवाओं की बिक्री के लिए अलग लाइसेंस व्यवस्था का प्रस्ताव किया है। इसके अंतर्गत औषधि नियम, 1945 में संशोधन कर थोक दवाओं की बिक्री के लिए अलग आवेदन फॉर्म– फॉर्म 19–बीसी और लाइसेंस फॉर्म– फॉर्म 20–बीसी शुरू किए जाएंगे। थोक दवाओं में सक्रिय और निष्क्रिय औषधीय पदार्थ शामिल हैं। फिलहाल, एक ही लाइसेंस से दवाओं के फॉर्मूलेशन और थोक औषधीय पदार्थों, दोनों की थोक बिक्री की अनुमति है। मंत्रालय ने कहा है कि प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य थोक दवाओं की बिक्री के लिए एक समर्पित लाइसेंस व्यवस्था स्थापित करना है।

0000

आज विश्व शौचालय दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2013 से शुरू किये गये इस दिवस का उद्देश्य स्वच्छता के गंभीर वैश्विक संकट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके समाधान के लिए प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह दिवस सतत विकास लक्ष्य–6 के अंतर्गत वर्ष 2030 तक सभी के लिए जल और स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुरक्षित और सुलभ शौचालय सुविधाओं के महत्व पर बल देता है।

0000

बाल संरक्षण सप्ताह के तहत जयपुर में वात्सल्य वार्ता का आयोजन किया गया। बाल संरक्षण इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस और यूनिसेफ के सहयोग से विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा और उनके अधिकारों से जुड़े विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान पुलिस के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारियां दीं। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के उपाधीक्षक धीरज वर्मा ने बच्चों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद विभिन्न खतरों से आगाह किया। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की मदद लेने का आह्वान करते हुए बच्चों से बिना किसी संकोच के पुलिस को सूचना देने की सलाह दी।

0000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 4 से 6 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहे लोक मंथन समारोह को लेकर आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सफल आयोजन के लिए पूजा अर्चना की। जयपुर में पहली बार होने जा रहे लोक मंथन का ये पांचवा संस्करण है। कार्यक्रम की इस साल की थीम–**हम भारत के लोग** रखी गई है। ये आयोजन भारतीय संस्कृति, लोक परम्पराओं, लोक कलाओं और साहित्य पर केन्द्रित रहेगा।

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल सहित गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसीबी की प्राथमिक जांच में अग्रवाल पर पद के दुरुपयोग, रियायती दरों पर विला खरीदने और कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं।
एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता के अनुसार, अग्रवाल के खिलाफ उदयपुर के बूझड़ा स्थित अनंता रिसॉर्ट की भूमि के संपरिवर्तन में नियमों की अनदेखी और आवश्यक शर्तें हटाने के तथ्य सामने आए है। जांच के अनुसार, अग्रवाल और उनके परिजनों ने उदयपुर, अलवर और जयपुर स्थित अनंता रिसॉर्ट में कुल 64 विला रियायती दरों पर खरीदे। अलवर में विला डीएलसी दर से कम कीमत पर खरीदे जाने और कंपनी को करीब दो करोड़ रुपये का अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है।

0000